तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

11 जवानों ने रक्तदान कर पुण्य कार्य का दिया संदेश



12 आवक नहीं सुधरी तो गोपनीय चरित्रावली में दर्शाया जाएगा





## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा का होली मिलन आज

**जगदलपुर।** प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा कल 11 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह मनाएगा। भाजपा कार्यालय के पीछे दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम होने की जानकारी महिला मोर्चा अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर ने दी है।

### मंडल अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देश अनुसार कुम्हारपारा मंडल अध्यक्ष एम. वेंकट राव द्वारा शहर के महारानी वार्ड क्रमांक 14 पोलिंग बूथ क्रमांक 164 में मंडी के पीछे गाली जय गोपाल गली 2026 वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम के लिए निरीक्षण किया गया।

### स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन आज

**जगदलपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बस्तर द्वारा 11 मार्च को रैम्प योजनांतर्गत बैंक इन्वेस्टर मीट एवं स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन कार्यालय कलेक्टर के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया है। इसमें औद्योगिक नीति 2024-30 व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के हितग्राहियों को बैंक से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा, जिसमें सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधि एवं बैंक के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

### सामाजिक शास्त्र में एक विद्यार्थी ने दी परीक्षा

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शनिवार को सामाजिक शास्त्र का पेपर केवल एक परीक्षा केंद्र में हुआ। इसमें एक विद्यार्थी ही उपस्थित रहा।

### अवैध जुआ-सट्टा पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**गीदम।** जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस द्वारा अवैध जुआ-सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पनेड़ा स्टेडियम गीदम के पास बिजली पोल के नीचे एक व्यक्ति सट्टी-पट्टी लिखकर रुपए-पैसों का दांव लगवा रहा है। प्राप्त सूचना पर थाना गीदम से पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को मौके पर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष देवांगन 36 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6 गीदम बताया। उसके कब्जे से 6 सट्टा पट्टी, 1 डॉट पेन, नगद राशि 15 हजार बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में सउनि वेद साहू, प्र.आर. राजकुमार सिंह, मनोज भारद्वाज, आर. देवेन्द्र नेताम, केशव पटेल तथा महिला आरक्षक काजल बेलादी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बस्तर के वनांचल में मासूम चेहरे पर खिलने लगी मुस्कान, लौटा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सुदूर वनांचल में बसे तारागांव की गलियों में इन दिनों एक नई गूंज सुनाई दे रही है। यह गूंज है 6 वर्षीय बालक विक्रम कश्यप की खिलखिलाती मुस्कान और उसके साफ शब्दों की। एक मजदूर परिवार में जन्मे विक्रम के लिए जीवन की शुरुआत संघर्षों भरी रही।

जन्मजात कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट लिप एंड पेलेट) की समस्या के कारण न केवल उसे भोजन करने में कठिनाई होती थी, बल्कि उसकी बोलचाल भी अस्पष्ट थी। शारीरिक कष्ट से कहीं ज्यादा गहरा घाव गांव वालों की नजर और सहपाठियों के बीच होने वाली झिझक की हीन भावना से घिरा विक्रम अक्सर अपना मुंह छिपाए रखता था और अन्य बच्चों की तरह खुलकर हंसने का सिर्फ सपना ही देख पाता था। विक्रम की बंद किस्मत का ताला तब खुला जब शासन का चिरायु दल आंगनवाड़ी जांच के लिए तारागांव पहुंचा। जांच के दौरान दल के सदस्यों ने न केवल विक्रम की स्थिति का सटीक निदान किया, बल्कि उसके पिता नरसिंग कश्यप को बेहतर उपचार का भरोसा भी दिलाया। शुरुआत में परिवार के मन में कई आशंकाएं थीं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संवेदनशीलता और निरंतर संवाद ने उन्हें ऑपरेशन के लिए राजी कर लिया।

खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहण्डीगुड़ा जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र प्रबंधक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर के कुशल मार्गदर्शन में विक्रम को बेहतर इलाज के लिए राजधानी रायपुर के मेडिशाइन अस्पताल ले जाया गया।



### फटे होंठ और तालु को नया रूप दे दिया

रायपुर के अस्पताल में विशेषज्ञ शल्य चिकित्सकों की टीम ने विक्रम का सफल ऑपरेशन किया, जिसने उसके फटे होंठ और तालु को नया रूप दे दिया। कुछ ही हफ्तों के भीतर जब विक्रम वापस अपने गांव तारागांव लौटा, तो वहां का नजारा ही बदल गया था। वह शर्मीला बालक जो कभी अपना चेहरा ढककर चलता था, अब एक आत्मविश्वासी बच्चे के रूप में सबके सामने था। आज विक्रम न केवल स्पष्ट आवाज में अपने पिता से बात करता है, बल्कि घर के कामों में हाथ बंटाकर अपनी मां का सहारा भी बन रहा है। उसके पिता नरसिंग गर्व से कहते हैं कि शासन की चिरायु योजना उनके बेटे के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। विक्रम की यह सफलता की कहानी बस्तर के हृदय स्थल से निकलकर यह संदेश दे रही है कि प्रशासन की तत्परता और सही योजनाओं के क्रियान्वयन से कोई भी बच्चा उज्ज्वल भविष्य की आशा से दूर नहीं रह सकता।

## बस्तर के जंगलों को आग से बचाने ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

# फायर वाचर ने जंगल में बनाई वन अग्नि निगरानी चौकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वन अग्नि सुरक्षा के जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को दे रहे संरक्षण की शपथ

बस्तर में गर्मी के दौरान वनाग्नि (जंगल की आग) से अमूल्य वन संपदा को बचाने के लिए वन विभाग ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है। साथ ही स्थानीय बोली में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को आग से होने वाले नुकसान, रोकथाम के उपाय और वन्य प्राणियों के संरक्षण के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। जंगल में सूखे पत्तियों को हटाना, आग से संबंधित काम (ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग) करने से बचना और सूखी घास पर सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। वन प्रबंधन समितियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत वन विभाग को सूचना देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान न केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए है, बल्कि वन्यजीवों और स्थानीय समुदायों के जीवन को संरक्षित करने के लिए भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वैद्यों (सिरहा-बैगा) और गुनिया को शामिल कर जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। लोगों को जंगल में आग लगने के कारणों, उससे होने वाले नुकसान और बचाव के उपायों की सरल भाषा में जानकारी दी गई। विशेष रूप से महुआ बीनने के दौरान आग लगाने की परंपरा से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया और ग्रामीणों से इस आदत को छोड़ने की अपील की गई। वन अग्नि सुरक्षा के जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को वन संरक्षण की शपथ दिलाई। एसडीओ देवलाल दुग्गा एवं आईपी बंजारे ने बताया कि आग से जंगल को बचाने के लिए वन विभाग की ओर से फायर वाचर तैनात किए गए और जंगल में ही वन अग्नि निगरानी चौकी (झोपड़ी) बनाकर तैनात हैं।



### आग से बचाव पर दिए सुझाव

एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि जागरूकता में लोगों को आग से बचाव के लिए सुझाव दिए गए जैसे जंगल में बीड़ी, सिगरेट या जलती हुई वस्तु न फेंकें, महुआ संग्रह के दौरान आग का प्रयोग न करें। सूखी पत्तियों को हटाने के लिए विभाग को सूचना दें। साथ ही साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें। फायर लाइन निर्माण और साफ-सफाई में सहयोग करें।

### जिले में 148 फायर वाचर तैनात

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि बस्तर जिले के 148 बीट में 148 फायर वाचर तैनात हैं। मैसेज प्राप्त होने पर तत्काल परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक, फायर वाचर एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा आग को बुझाया जा रहा है। वनों में आग न लगने पाए उसके लिए सभी क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वनों की सतत निगरानी की जा रही है। वन विभाग ग्रामीणों को चेतावनी दे रहा है कि जंगल में आग लगाना एक गंभीर अपराध है।

# जादू-टोना के शक में की गई हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



- 24 घंटे के भीतर दो आरोपी गिरफ्तार

एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस ने हत्या के एक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थिया सरस्वती यादव 43 वर्ष निवासी ग्राम हीरानार पातरपारा ने थाना गीदम में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मार्च को शाम लगभग 5.30 बजे अपने घर के आंगन में बर्तन साफ कर रही थी तथा पति नेहरू यादव घर के आंगन में बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव के निवासी अमितराम लेकामी एवं दशमु लेकामी घर पहुंचे और नेहरू यादव पर जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर दशमु लेकामी ने नेहरू यादव को पकड़कर जमीन पर गिरा दिया तथा अमितराम लेकामी ने अपने साथ लाए धारदार चाकू से गले पर हमला कर दिया, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना के दौरान प्रार्थिया के बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के समय मृतक का पुत्र मनोज यादव भी काम से घर लौट रहा था, जिसने आरोपियों को घटनास्थल से भागते हुए देखा। प्रार्थिया के अनुसार आरोपी पूर्व में भी उसके पति पर जादू-टोना का आरोप लगाकर मानसिक रूप से प्रताड़ति करते थे। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना गीदम में धारा 103(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता तथा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 4, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय दन्तेवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक शशिकांत यादव, सउनि. अनिल ध्रुवे, प्रशांत सिंह, प्र.आर. उत्तम मण्डावी, आर. राजमन नाग, गिरीश नेताम तथा हरिराम यादव की अहम भूमिका रही।

# कलेक्टर ने गर्मी में पेयजल की समूचित आपूर्ति के दिए निर्देश

- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था के लिए आवश्यक आकलन कर पेयजल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में निष्क्रिय खातों से संबंधित राशि को शासन के पक्ष में जमा कराने के निर्देश दिए। सभी शासकीय संस्थानों के स्टोर में रखी अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार अपलेखन कर विक्रय किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों को शासन से प्राप्त बजट का पूर्ण उपयोग करना सुनिश्चित करें और किसी भी बजटीय राशि को लैप्स होने न दिया जाए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के किसान किताब का डाटा, नक्शा बटांकन, स्वामित्व योजना, नक्शा अद्यतन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस के अलावा कृषि विभाग की गतिविधियों तथा पीएम किसान सम्मान निधि की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान के पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।



### आसना की पार्वती को मिला राशन कार्ड



**जगदलपुर।** गरीब एवं वंचित परिवारों का राशन कार्ड बनवाने के अभियान के तहत युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप की पहल से 186 जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड बनवाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में ग्राम आसना डोंगरीगुड़ा पारा निवासी पार्वती वट्टी पति बुधरु वट्टी जो वर्षों से राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित थी, उनका राशन कार्ड बनवाकर प्रदान किया गया। कश्यप ने कहा कि समाज के प्रति हमारी छोटी-सी कोशिश भी किसी जरूरतमंद परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे भी आगे आएं और अपने आसपास के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की बुनियादी योजनाओं और सुविधाओं तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 24 घरेलू और 10 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद

जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में सिलेंडर जब्त किया है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने शहर के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में एक बड़ी कार्रवाई की, जिससे अवैध गैस कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर से मिली जानकारी के अनुसार राउतपारा स्थित बालाजी केयर हॉस्पिटल के पास अवैध भंडारण की पुख्ता सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर टीम ने प्रशांत महाजन के घर पर आकस्मिक दबिश दी। निरीक्षण के दौरान घर के भीतर गैस सिलेंडरों का भारी जखीरा पाया गया। जिसका कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। अधिकारियों ने मौके से 24 घरेलू गैस सिलेंडर और 10 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अलावा सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस की चोरी और रिफिलिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले 3 रिफिलिंग पाइप भी जब्त किए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव के कारण घरेलू गैस की सीमित आपूर्ति का लाभ उठाकर कुछ लोग ऊंचे दामों पर गैस बेचने की फिराक में हैं। इसी कालाबाजारी को रोकने और आम जनता को सुचारू रूप से गैस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन अब कड़ा रुख अख्तियार कर रहा है। इस कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक शेख अब्दुल कादिर, उमेश चौधरी, हेमंत ब्रह्मभट्ट एवं पायल वर्मा शामिल थे।



## विज्ञान शिक्षा, शोध कार्य व वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति छात्रों को किया प्रेरित

# विज्ञान के माध्यम से समाज के विकास में योगदान दें विद्यार्थी : डॉ. सूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महत्वपूर्ण योगदान के लिए क्राइस्ट कॉलेज ने वैज्ञानिक डॉ. बी सूरी बाबू का किया सम्मान

स्थानीय क्राईस्ट कॉलेज में सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद डॉ. बी सूरी बाबू को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विज्ञान शिक्षा, शोध कार्य तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति प्रेरित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। क्राइस्ट महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

मंगलवार को क्राइस्ट महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद डॉ. बी सूरी बाबू को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विज्ञान शिक्षा, शोध कार्य तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति प्रेरित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. थॉमस पीजे ने डॉ. सूरी बाबू को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सूरी बाबू ने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य किए हैं तथा अनेक विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उनका कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।



कार्यक्रम में विज्ञान विभाग ने सूरी बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया। उनके मार्गदर्शन से कई छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के मैनेजर फादर जोमन, विभाग प्रमुख डॉ. अनिता नायर, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, शोधार्थी तथा विज्ञान संकाय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में डॉ. सूरी बाबू ने महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा और शोध के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहना ही सच्चा सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## धड़ल्ले से हो रही रेत की अवैध ढुलाई



- नगरनार क्षेत्र के भेजापदर और अन्य गांव के इंद्रावती तट से अवैध परिवहन

**जगदलपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी में जल कम होने लगा है, जिसका अनुचित फायदा रेत तस्कर उठा रहे हैं। धड़ल्ले से सुबह से लेकर रात तक ट्रैक्टर और टिप्पर में अवैध रूप से रेत का परिवहन इंद्रावती नदी तट से हो रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर हरिभूमि ने मंगलवार को इस इलाके का जायजा लिया। भेजापदर, नगरनार, उपनपाल की ओर से माड़पाल मार्ग पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और टिप्पर से रेत की अवैध ढुलाई देखी गई। कहीं पर भी रोक टोक या जांच जैसी कोई स्थिति नजर नहीं आयी। ग्रामीणों ने बताया कि माइनिंग, राजस्व, ग्राम पंचायत और पुलिस से सेटिंग के चलते सुबह से लेकर देर रात तक बेखौफ होकर रेत का अवैध परिवहन चल रहा है। इससे शासन को मिलने वाली राशि का नुकसान हो रहा है। इस पर कलेक्टर और पुलिस कप्तान को सख्ती बरतनी चाहिए।

# बस्तर के हित एवं जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ने वाले नवनीत को सुरक्षा देने की गुहार

## मुक्ति मोर्चा एवं पार्टी पदाधिकारी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के जनमुद्दों को लेकर जमीनी स्तर पर सक्रिय बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद की सुरक्षा को लेकर जगदलपुर, बस्तर एवं चित्रकूट विधानसभा के मंडल अध्यक्षों ने गृह विभाग, पुलिस महानिदेशक, बस्तर आईजी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बस्तर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में पार्टी पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि बस्तर संभाग देश के सबसे संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, जहां जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहना कई बार जोखिम से जुड़ा होता है। नवनीत चांद जल-जंगल-जमीन, खनिज संपदा में स्थानीय अधिकार, युवाओं को रोजगार तथा औद्योगिक नीतियों में पारदर्शिता जैसे विषयों पर आवाज उठाते रहे हैं।

ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि गत वर्ष दंतेवाड़ा में उनकी गाड़ी को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की घटना हुई थी। वहीं 17 दिसंबर 2025 को बचेली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनएमडीसी गेट के सामने धमकी भी दी गई थी।

इसके अलावा तोकापाल ब्लॉक में एनएमडीसी रेलवे साइडिंग परियोजना के दौरान स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में भी उन्हें अप्रत्यक्ष धमकियों का सामना करना पड़ा है।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान मेहताब सिंह, कमल बघेल, नीलांबर भद्रे, प्रिया यादव, संतु कश्यप, हिमांशु आनंद, अलका नादान, निहारिका सिंह, सूरज कश्यप, नरपति बघेल, पकलू कश्यप, गायत्री ठाकुर, लकी राम बघेल, रामू नाग, जेतू राम बघेल, जॉन आकाश, राम बघेल, अजय सोनी, संतोष सिंह, बाली कश्यप समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 10 परिवारों को दी गई 40 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति 10 परिवार को 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील भानपुरी के ग्राम जामगांव निवासी कुमबती की सर्पदंश से पति घनश्याम को, ग्राम खण्डसरा निवासी रामोबाई की सर्पदंश से पति मनधर बघेल को, ग्राम रतेंगा निवासी कुमारी बुदरी कश्यप की मृत्यु पानी में डुबने से पिता लछिननाथ को, तहसील तोकापाल ग्राम पथरली निवासी प्रियंका कश्यप की सर्पदंश से पिता गंगो को, तहसील बास्तानार ग्राम कड़ेकाकलूर निवासी सन्नी सोढ़ी की मृत्यु बिजली गिरने से पति चैतू सोढ़ी को, तहसील दरभा ग्राम मांझीपारा निवासी गागरू राम की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नि गंगई को, तहसील जगदलपुर ग्राम मंगडूकचोरा निवासी छविलाल की मृत्यु पानी में डुबने से पिता सहादेव को, तहसील बस्तर ग्राम सालेमेटा निवासी सुपारी कश्यप की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नि सुमित्रा कश्यप को, तहसील भानपुरी ग्राम राजपुर निवासी लक्ष्मी दीवान की सर्पदंश से पति विसनाथ को और तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम अदवाल निवासी कुमाराम की मृत्यु पानी में डुबने से पुत्र दशो को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### लेखक राहुल की पुस्तक रुकना सीखिए का प्रकाशन

**जगदलपुर।** बस्तर के युवा लेखक राहुल कुमार पांडेय की पुस्तक



रुकना सीखिए पाठकों के लिए उपलब्ध है। पुस्तक का संदेश यह है कि जीवन के कई बड़े पछतावे केवल कुछ क्षण रुककर और सोचकर टाले जा सकते हैं।

### बचत से खड़ा किया अपना व्यवसाय

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा परियोजना अंतर्गत ग्राम कामानार की रहने वाली श्रीमती लच्छनदई बघेल बताती हैं कि राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही थी। उन्होंने इस राशि को तात्कालिक खर्चों में व्यय करने के बजाय भविष्य की सुरक्षा और आय बढ़ाने के साधन के रूप में देखा। जब योजना की 10 किश्तें जमा होकर 10 हजार रुपये की पूंजी बन गईं, तो लच्छनदई के मन में स्वरोजगार का विचार आया। उन्होंने इस संचित राशि से गांव में ही एक छोटा सा होटल (नाश्ते की दुकान) संचालित करना शुरू किया। यह छोटा सा निवेश उनके जीवन में एक बड़ा आर्थिक मोड़ लेकर आया।

## बोर्ड के जेडी ने संभाग के 11 मंडी सचिवों की ली क्लॉस

# आवक नहीं सुधरी तो गोपनीय चरित्रावली में दर्शाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक ने 11 मंडियों में उपज की आवक कम होने पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने 11 मंडी सचिवों की क्लास लेते हुए, उपज कम आने के कारणों की समीक्षा की और 25

■ 8 कृषि उपज मंडी में उपज की आवक कम व दो मंडी में बढ़ा

मार्च तक आवक की कमी का पूरा करें। साथ ही किसानों को मंडी तक उत्पाद लाने के लिए प्रोत्साहित करने व राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी सचिवों को मंडी परिसर में सुविधाएं बढ़ाने और किसानों को लुभाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। सुस्ती बरतने वाले सचिवों को निर्देश दिया कि आवक नहीं सुधरी तो गोपनीय चरित्रावली में दर्शाया जाएगा। मंडी क्षेत्र में अवैध व्यापार को रोकने का प्रयास करें। संभाग के कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, चारामा, संबलपुर, पखांजूर, कोंटा एवं बीजापुर मंडी में उपज की आवक कम और जगदलपुर, नारायणपुर मंडी में आवक बढ़ी है।



### विपणन को दें नोटिस

संभाग के 11 कृषि उपज मंडियों पर विपणन ने धान खरीदी पर एक अरब 20 करोड़ 70 लाख रूपए मंडी शुल्क नहीं दिया है। इस पर मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि विपणन अधिकारी को मंडी शुल्क के भुगतान के लिए नोटिस दें और भुगतान कराने का प्रयास करें।

### आवक व आय बढ़ाने के दिए निर्देश

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि वर्ष 2026-27 के लिए मंडी की उपज की आवक एवं आय बढ़ाने के लिए अभी से प्रयास करें। वर्ष 2025-26 में मंडी ने 277 अवैध प्रकरण दर्ज किया, इसमें से अधिकांश प्रकरण का निराकरण किया गया।

## पूर्व सांसद बलीराम कश्यप को पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बस्तर के कद्दावर व जनप्रिय नेता एवं पूर्व सांसद बलीराम कश्यप की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। कार्यकतार्ओं ने सीरासार चौक के

■ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

समीप स्थित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये और दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनके पुत्र पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि पिता ने सदैव बस्तर के विकास व बेहतरी के लिये कार्य किए। क्षेत्र की जनता की हर छोटी बड़ी समस्या का त्वरित निदान करना उनकी प्राथमिकता में रहा। बस्तर के विकास में उनका बड़ा योगदान है। जनता के बीच उनकी अपार लोकप्रियता ने उन्हें बारंबार विजयी बनाकर बस्तर का अजेय सांसद बनाया। उनका जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा व आदर्श है। संचालन अविनाश श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर रजनीश पाणिग्रही, परीसराम बेसरा, आनन्द मोहन मिश्रा, सफीरा साहू, आलोक अवस्थी, प्रकाश झा, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, सुधा मिश्रा, दिगम्बर राव, अतुल सिम्हा, संतोष बाजपेयी, सुरेश चंद्राकर, नरेन्द्र पाणिग्रही सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गर्मी से बचने देशी जुगाड़...



**जगदलपुर।** मई जून से पहले बस्तर में मार्च में ही झुलसाने वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। इसलिए शहर के कई प्रमुख मार्गो में बांस और खस से ठंडक पहुंचाने वाले सामान की दुकानें सज गई है। देशी जुगाड़ से कूलर और घर के खिड़की और दरवाजे तक को ठंडक पहुंचाने के लिए महिला और पुरूष सामान बनाने के काम में जुटे हैं।

# मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों से मिले महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन के बजट में महादेव घाट बैराज निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने पर विधानसभा भवन स्थित कार्यालय में आज महापौर संजय पांडेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने

■ महादेव घाट बैराज के लिए 100 करोड़ के प्रावधान पर माना आभार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस निर्णय को बस्तर विशेषकर जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

महापौर ने कहा कि महादेव घाट बैराज के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और नगर निगम क्षेत्र को पेयजल उपलब्धता के साथ-साथ विभिन्न विकास कार्यों में भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस बैराज के निर्माण से शहर के दीर्घकालिक विकास को नई दिशा मिलेगी और आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विदित हो कि गरमी के दिनों में महादेव घाट के पास बने इंटकवेल में पानी पूर्ण रूप से सूख जाता है, जिसके कारण शहर को पानी सप्लाई करना पूरी तरह से बाधित हो जाता है। भेंट के दौरान बस्तर संभाग एवं शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से भी मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से भेंट कर बस्तर और जगदलपुर के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, सभापति निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडेय, राणा घोष, संग्राम सिंह राणा, रितेश सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रंगपंचमी पर कविता पाठ के साथ मनाया महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बस्तर ने रंगपंचमी और महिला दिवस मनाया। जिसमें साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। चमेली नेताम सुवासिता ने सरस्वती

■ छत्तीसगढ़ी और हास परिहास की रचनाओं से बंधा समां

वंदना कर समा बांध दिया। उसके बाद एस. एस.त्रिपाठी ने मुझे पता चाहिए रचना पर तालियां बटोरी। शैल दुबे ने नारी पर रचना पढ़ी। ऋषि शर्मा ने तरन्नुम में गजल पढ़ कर वाह वाही बटोरी । विपिन बिहारी दास ने रुक जाओ चांद सितारों की रात अभी बाकी है। गजल गुनगुना कर सब को गुदगुदा दिया। शशांक श्रीधर ने मैं बहुत अच्छा आदमी हूं कृष्णा मुझसे ज्यादा अच्छा है ऐसा मैं नहीं लोग कहते हैं चित्रण कर सभी को हंसाया। शिरीष कुमार टिकरिहा ने छत्तीसगढ़ी गीत हरियर हरियर सरसों पहिरे, पिंयर पियर लुगरा रचना पढ़ कर समा बांध दिया। रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने नारी के महिमा का बखान करते हुए कहा कोमल है कमजोर नहीं शक्ति का नाम ही नारी है। और छत्तीसगढ़ी में फाग गीत गा कर तालियां बटोरी। बचेली से आई शकुन शेण्डे ने अपनी सुमधुर आवाज में रुख बहारों जरा मोड़के मेरे आंगन सफर लीजिए गीत प्रस्तुत कर उदयान में घुमने वाले सभी को रुकने में मजबूर कर दिया। चमेली नेताम ने नारी ले सब पूछ थे, बता कोन हव आप। काबर मन ला मार के, रहिथव जी चुपचाप। छंद बद्ध रचना पढ़ कर तालियां बटोरी। मंच संचालन करते हुए कृष्ण शरण पटेल कृष्णा ने पति हमारा...बस ऐसे हो, पर्स में जिसके खूब सारा पैसा हो। रचना पढ़ कर सभी को गुदगुदा दिया। अंत में अन्नू लता चंद्रा ने आभार व्यक्त किया। खेल में शोभा शर्मा प्रथम और ऋषि शर्मा दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# 4 हजार से अधिक किसानों के खाते में आया 14 करोड़ 70 लाख बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होली के पहले मुख्यमंत्री ने किसानों के खातों में बोनस की राशि भेजी है। इनमें नगरनार क्षेत्र के 4 लेम्पस

■ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नगरनार के 4 लेम्पस के किसान लाभान्वित

माड़पाल, बम्हनी, बाबू सेमरा और नगरनार के साढ़े 4 हजार से अधिक किसानों के खाते में 14 करोड़ 70 लाख रूपए बोनस का पहुंचा है। मंगलवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नगरनार के शाखा प्रबंधक सोमनाथ सेठिया ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि धान की फसल की पैदावार के पहले किसानों ने खाद बीज और नगद राशि ऋण के रूप में लिया था। 20 करोड़ 42 लाख के ऋण में 18 करोड़ 96 लाख लिंकिंग में धान बेचकर ऋण चुकता कर दिया है। अब बोनस की राशि से तीज त्यौहार के साथ साथ अन्य जरूरत के सामान भी किसान खरीद रहे है। चर्चा के दौरान मारकेल का एक वृद्ध किसान सुनील सेठिया बोनस की राशि निकालने बैंक पहुंचा था। उसने बताया कि एक लाख 28 हजार बोनस राशि मेरे खाते में आया है। लेकिन धान बेचकर मैंने ऋण की राशि 2 लाख 75 हजार पहले ही पटा दिया है। लगभग 9 एकड़ खेत में धान की पैदावार कर 176 क्विंटल धान बेचने की बात कही। इसलिए बोनस अधिक मिला। उसने खुशी जाहिर करते कहा कि शून्य प्रतिशत ब्याज में ऋण मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इसलिए धान बेचकर पूरी राशि किसान जमा कर रहे है।





### कालातीत 6 करोड़ में 3 करोड़ 87 लाख जमा

शाखा प्रबंधक ने बताया कि लगभग 6 करोड़ रूपए किसानों का कालातित ऋण बकाया है। इसमें अभी तक 3 करोड़ 87 लाख जमा हो गए है। लगभग डेढ़ करोड़ का ऋण राशि किसानों से लेना है। वह भी जमा करने किसानों ने सहमति दी है। उन्होंने कहा खेती किसानी से अच्छी कमाई होने के कारण कोई भी किसान डिफाल्टर होना नहीं चाहता ।

# बस्तर के किसानों का धान नहीं खरीदे जाने का मुद्दा विधायकों ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


बस्तर विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल तथा कोंटा विधायक कवासी लखमा ने प्रश्नकाल में बस्तर संभाग के

■ बस्तर संभाग के 44612 किसान धान बेच नहीं पाए

■ किसान कर्ज कैसे पटाए चिंता सताने लगी है

किसानों की समस्या को उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा।

उन्होंने कहा कि सातों जिलों के हजारों किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था और पूरी उम्मीद के साथ खरीदी केंद्रों का रुख किया था, बावजूद किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर संभाग के 44,612 किसानों का धान नहीं खरीदा गया, जो किसानों के हितों से जुड़ा गंभीर विषय है।




विधायक ने सदन में यह भी जानना चाहा कि इन किसानों में कितने किसान वन अधिकार पट्टा धारक, कितने ऋणी किसान और कितने अऋणी किसान हैं। उन्होंने सरकार से यह पूछा कि किन कारणों से इतनी बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित रह गए और इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है। मंत्री के जवाब से दोनों विधायक असंतुष्ट नजर आए। कवासी लखमा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र जगरगुण्डा, गोलापल्ली और किस्टाराम जैसे नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र के किसानों का धान नहीं खरीदने पर मंत्री को घेरा। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऋण माफ किया जाए। लखमा ने यहां तक कहा कि किसानों के घर में धान पड़ा हुआ है जिसे जांच कर देखा जा सकता है।

